# मेरठ कॉलेज, मेरठ
# Newsletter

सत्र : 2025–26
अंक–8 (द्वैमासिक)
नव.–दिस. 2025

*(A 'NAAC' Accredited College)*
*Awarded "College with Potential for Excellence" by U.G.C.*
*Star Status, DBT, Govt. of India*
*Website : mcm.ac.in    E-mail : principal_mcm1892@ymail.com*


## सौर ऊर्जा है मानव सभ्यता का भविष्यः विवेक गर्ग



दिनांक 2 नवंबर 2025 दिन सोमवार को दोपहर 1:30 बजे मेरठ कॉलेज, मेरठ में उत्तर प्रदेश सरकार की नई सौर ऊर्जा नीति के अंतर्गत 125 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र का भव्य उद्घाटन किया गया। यह संयंत्र रेस्को मोड में स्थापित किया गया है, जो कि सरकारी एवं अर्ध–सरकारी भवनों पर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु केंद्र और प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस संयंत्र का उद्घाटन एवं लोकार्पण कॉलेज के अवैतनिक मंत्री श्री विवेक कुमार गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र–छात्राएँ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में श्री विवेक गर्ग ने कहा कि यह सौर ऊर्जा संयंत्र न केवल कॉलेज परिसर की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक प्रेरणादायक पहल साबित होगा। 125 किलोवाट का यह संयंत्र प्रति वर्ष लगभग 1.5 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम है, जिससे कॉलेज को पारंपरिक विद्युत आपूर्ति पर निर्भरता कम होगी। इससे न केवल बिजली बिलों में उल्लेखनीय कमी आएगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी भारी कमी होगी।

## अभिव्यक्ति मैगज़ीन का भव्य विमोचन : मेरठ कॉलेज की सृजनशील परंपरा का गौरवपूर्ण प्रतिदर्शन



दिनांक 4 नवंबर 2025 को मेरठ कॉलेज के ऐतिहासिक कमेटी हॉल में वर्ष 2023 से 2025 तक की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं संस्थागत गतिविधियों का समावेश करने वाली विशेष मैगजीन "अभिव्यक्ति" का भव्य विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशिष्ट अवसर पर मैगज़ीन का अनावरण मेरठ कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) युद्धवीर सिंह द्वारा किया गया।

इस मैगज़ीन की मुख्य संपादक अंग्रेजी विभाग की प्रख्यात शिक्षिका प्रोफेसर अल्पना रस्तोगी रहीं, जिन्होंने अपने संपादकीय निर्देशन में पत्रिका की संकल्पना, सामग्री चयन एवं रूपांकन को उत्कृष्ट रूप प्रदान किया। संपादकीय बोर्ड में डॉ. मोनिका भटनागर, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. वाचस्पति मिश्रा, डॉ. आभा अवस्थी, डॉ. निधि सिंह, डॉ. मुकेश सेमवाल, डॉ. के.के. गुप्ता एवं डॉ. नैंसी शर्मा शामिल रहे।

पत्रिका चार भाषाओं–हिंदी, अंग्रेज़ी, संस्कृत एवं उर्दू में प्रकाशित की गई है, जो इसे बहु–भाषाई शैक्षणिक संवाद का महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाती है।

"अभिव्यक्ति" को उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपने बधाई संदेश भेजे हैं।

## मेरठ कॉलेज की अदिति पुंडीर एवं सत्यम शर्मा युवा खेल मंत्रालय द्वारा एडवेंचर कैंप के लिए चयनित




दिनांक 5 नवंबर 2025 को मेरठ कॉलेज मेरठ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से दो स्वयंसेवक अदिति पुंडीर पुत्री विशाल सिंह और सत्यम शर्मा पुत्र भानु प्रकाश शर्मा का चयन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण संस्थान, धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में होने वाले दस दिवसीय साहसिक शिविर में हुआ। यह शिविर धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में 6 नवंबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने प्राचार्य प्रो युद्धवीर सिंह से मुलाकात की एवं उनका आशीर्वाद लिया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को नगद राशि एवं शिविर के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारियों एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने उन्हें शिविर संबंधी दिशा निर्देश दिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ गार्गी पचौरी एवं सुधीर मलिक ने उक्त जानकारी दी।



## शिक्षा विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत एजुकेशनल टेक्नोलॉजी टूल्स पर कार्यशाला

शिक्षा विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत एजुकेशनल टेक्नोलॉजी टूल्स पर कार्यशाला का समापन किया गया। आज सत्र के अंतर्गत प्रोफेसर प्रगति रस्तोगी ने विभिन्न तकनीकी टूल्स के अंतर्गत गूगल, स्मार्ट बोर्ड, जूम तथा अन्य बातों पर विस्तार से स्पष्ट किया। समापन के समय कार्यशाला के समन्वयक प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा तथा विभाग के प्रोफेसर लव लता सिंधु, रेखा राना, पूनमसिंह, सीमा शर्मा, विनीता, एसके पुंडीर, संजय कुमार तथा शालिनी त्यागी उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों ने अपनी समस्याओं का समाधान भी किया।

## मेरठ कॉलेज में हुआ पंचवर्षीय लॉ के छात्रों का भव्य दीक्षारंभ समारोह



दिनांक 10 नवंबर को पंचवर्षीय विधि (लॉ) के छात्रों का भव्य दीक्षारंभ कार्यक्रम विशाल सभागार में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला जज (एडीजे) श्री रमेश चंद्र कुशवाहा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरठ कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग ने की। इस अवसर पर पूर्व विधि विभागाध्यक्ष प्रो. के. के. मित्तल विशिष्ट वक्ता के रूप में मौजूद रहे। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सीमा पंवार भी कार्यक्रम में उपस्थिति रहीं।

मेरठ कॉलेज में 1893 से विधि की पढ़ाई आरंभ हुई थी और तब से अब तक यह संस्थान न्यायिक शिक्षा का केंद्र बना हुआ है। यहां से प्रतिवर्ष लगभग 20 छात्र न्यायिक सेवाओं में चयनित होते हैं। गौरतलब है कि भारत के सर्वोच्च

न्यायालय के न्यायाधीश श्री पंकज मित्तल भी इसी कॉलेज के गौरवशाली पूर्व छात्र हैं। वर्तमान में कॉलेज में बी.ए. एल.एल.बी. की 120 और बी.कॉम. एल.एल.बी. की 60 सीटें हैं, जो शैक्षणिक सत्र 2025–26 में पूरी तरह भर चुकी हैं।

मुख्य अतिथि एडीजे रमेश कुशवाहा ने अपने संबोधन में छात्रों को न्यायिक प्रणाली से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि अब पीसीएस–जे से चयनित न्यायिक अधिकारी भी सात वर्ष की सेवा के बाद हाईर ज्यूडिशियल सर्विस (एचजेएस) परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज भी देश की न्याय व्यवस्था में आम जनता का अटूट विश्वास बना हुआ है और यही कानून की सच्ची जीत है। उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि अधिवक्ता बनना केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज और न्याय के प्रति उत्तरदायित्व भी है।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मेरठ कॉलेज में हुआ भव्य कार्यक्रम
## वंदे मातरम है राष्ट्र की आत्माः प्रो विघ्नेश कुमार



12 नवम्बर 2025 मेरठ कॉलेज के ऐतिहासिक सभागार में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य एवं विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 व्यक्तियों ने भागीदारी की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सीमा पंवार ने की, जबकि मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो विघ्नेश कुमार त्यागी रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन का कार्य प्रो. विघ्नेश कुमार, प्रो. वाचस्पति मिश्रा, प्रो. कपिल सिवाच एवं प्रो. सीमा पंवार ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रो. कपिल सिवाच, प्रो. नीलम पंवार एवं प्रो. चंद्रशेखर भारद्वाज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

प्राचार्य प्रो. सीमा पंवार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम का उद्घोष भारत की आत्मा का प्रतीक है। यह गीत केवल एक रचना नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान का जीवंत प्रतीक है।

मुख्य वक्ता प्रो. विघ्नेश कुमार त्यागी ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में वंदे मातरम के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने का प्रमुख माध्यम बना। वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं वरन राष्ट्र की आत्मा है। प्रो. त्यागी ने बताया कि शहीद–ए–आजम भगत सिंह जब मेरठ आते थे, तो मेरठ कॉलेज के ओडोनिल हॉस्टल में ठहरते थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में मेरठ कॉलेज की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की और बताया कि 1943 में मेरठ कॉलेज की छात्रा हीरा रस्तोगी ने कॉलेज भवन पर तिरंगा फहराकर अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी थी, जिसके बाद वह पुलिस कार्रवाई में शहीद हो गईं।

उन्होंने चटगांव शस्त्रागार कांड का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार "वंदे मातरम" के उद्घोष ने मास्टर सूर्य सेन, प्रीतिलता वाडेकर जैसी असंख्य युवाओं को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ने का कार्य किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया। राष्ट्रभावना से ओतप्रोत यह आयोजन देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनय कुमार आर्य ने किया।

## प्रो. वी. पुरी की जयंती पर मनाया गया नवाचार व प्रेरणा का उत्सव।
## कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और त्याग की मिसाल हैं प्रो वी पुरीः डॉ युद्धवीर सिंह



10 दिसंबर 2025 को मेरठ कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में विश्व विख्यात वैज्ञानिक एवं विभाग के संस्थापक प्रोफेसर वी. पुरी का 116वाँ जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष संगोष्ठी में प्रो. पुरी के अनेक पूर्व छात्र एवं सहयोगियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय वाद–विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका विषय था : "कृत्रिम बुद्धि का शिक्षा एवं शिक्षार्थियों पर प्रभाव"।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. युद्धवीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात विभाग में पधारे वैज्ञानिकों : प्रो. पी. सी. पांडे, प्रो. सुधीर कुमार, प्रो. पंकज तथा अन्य शिक्षकों ने प्रो. पुरी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह ने कहा कि "प्रो. वी. पुरी कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और त्याग की सजीव मिसाल हैं, जिनसे हर शोधार्थी और विद्यार्थी को प्रेरणा लेनी चाहिए।"

विभागाध्यक्ष प्रो. आर. सी. आर्य ने प्रो. पुरी की प्रारंभिक शिक्षा, अकादमिक योगदान और शोध यात्राओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रो. पुरी का जन्म 10 दिसंबर 1909, नगीना (जिला बिजनौर) में हुआ था और उन्होंने शोध के लिए अनेक देशों की यात्रा की। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. पी. सी. पांडे ने स्मरण करते हुए कहा कि अमेरिका प्रवास के दौरान प्रकाशित उनका प्रसिद्ध शोध–पत्र "Floral Anatomy in Solution of Morphological Problems" ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। डॉ. सुधीर कुमार ने प्रो. पुरी से जुड़े अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए।

वाद–विवाद प्रतियोगिता में पहला स्थान सुश्री दानिया (आर.जी. कॉलेज) एवं सुश्री प्राची द्विवेदी (मेरठ कॉलेज) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर प्रभलीन कौर और अरहाम, तथा तृतीय स्थान पर आकृति रहीं। निर्णायक मंडल में प्रो. नेगी, प्रो. अशोक कुमार एवं प्रो. नीलम कुमारी शामिल रहे।

इस अवसर पर शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए निम्नलिखित छात्रों को सम्मानित किया गया–प्रो. वी. पुरी मेडल : एम.एससी. टॉपर मिस शालिनी, श्री बनारसी दास मेडल : बी.एससी. टॉपर अभिषेक कुमार, डॉ. एस. के. श्रीवास्तव मेडल : प्लांट फिजियोलॉजी में सर्वाधिक अंक पुष्पेंद्र।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. हरजिंदर सिंह ने किया तथा अंत में प्रो. सुमन वर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. एन. पी. सिंह, डॉ. पंजाब सिंह, प्रो. नीरज कुमार, डॉ. अमित तोमर, डॉ. श्याम सिंह, डॉ. संदीप कुमार, पुष्पेंद्र, सुरभि एवं एजाज का विशेष सहयोग रहा।



## स्थानीय शुगर डिस्टिलरी यूनिट का शैक्षिक भ्रमण

12.12.2025 को मेरठ कॉलेज मेरठ रसायन विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने "आसिमाँ चटर्जी केमिकल सोसाइटी "के अंतर्गत प्रोफ़.नीलमकुमारी और प्रोफ़.आभा अवस्थी के निर्देशन में स्थानीय शुगर डिस्टिलरी यूनिट का शैक्षिक भ्रमण किया। विशेषज्ञों के निर्देशन में छात्रों ने गन्ना प्रसंस्करण, फर्मेंटेशन, डिस्टिलेशन प्रक्रिया, इथेनॉल निर्माण तकनीक तथा अपशिष्ट उपचार संयंत्र का विस्तृत अवलोकन किया।

उद्योग अधिकारियों ने विद्यार्थियों को उत्पादन की संपूर्ण तकनीकी श्रृंखला और सुरक्षा मानकों से परिचित कराया। विद्यार्थियों ने वास्तविक औद्योगिक सेट–अप में प्रयोग होने वाले उपकरणों, कंट्रोल पैनलों और गुणवत्ता परीक्षण प्रक्रियाओं को भी देखा।

समन्वयक डॉ भोपाल सिंह ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को "पुस्तक से परे वास्तविक औद्योगिक अनुभव" प्रदान करते हैं और भविष्य में अनुसंधान तथा रोजगार संभावनाओं के लिए विशेष उपयोगी होते हैं।"

छात्रों ने उद्योग प्रबंधन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया और इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक अनुभव बताया। भ्रमण के दौरान संकाय सदस्य प्रोफ़.संजय वत्स,शोधार्थी प्रज्ञा और शैली ने विद्यार्थियों के साथ रह कर पूरे कार्यक्रम का समन्वयन सुनिश्चित किया।



## धरतीपुत्र चौ चरण सिंह की जयंती की पूर्व संध्या पर मेरठ कॉलेज में हुई विचार गोष्ठी
## शालीनता था चौधरी साहब के व्यक्तित्व का प्रमुख अंगः इतिहासकार केडी शर्मा

22 दिसंबर 2025, धरतीपुत्र, किसान हितैषी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती की पूर्व संध्या पर आज दिनांक 22 दिसंबर 2025 (सोमवार) को मेरठ कॉलेज, मेरठ में साहित्यिक–सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में विचार–गोष्ठी सहित अनेक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चौधरी चरण सिंह जी के बहुआयामी व्यक्तित्व, उनके सामाजिक–आर्थिक योगदान तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना रहा।



विचार–गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता, इतिहासकार डॉ. के. डी. शर्मा (अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, इतिहास विभाग, मेरठ कॉलेज) ने चौधरी चरण सिंह जी के व्यक्तित्व की शालीनता एवं सादगी पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संस्मरण साझा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री बनने के बाद भी चौधरी साहब अपने राजनीतिक गुरु एवं संरक्षक श्री विष्णु शरण दुबलिश के प्रति गहरा सम्मान रखते थे और उन्होंने मेरठ आगमन के दौरान समर्थकों द्वारा उनकी जय–जयकार से मना कर गुरु–शिष्य परंपरा की श्रेष्ठ मिसाल प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो. प्रतीत कुमार, प्राचार्य, चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय, छपरौली ने चौधरी चरण सिंह जी के राजनीतिक जीवन एवं ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भूमि सुधार, जमींदारी उन्मूलन तथा किसानों के अधिकारों की रक्षा चौधरी साहब के जीवन का केंद्रीय उद्देश्य रहा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि चौधरी चरण सिंह जी ने आगरा कॉलेज से एम.ए. (इतिहास) तथा 1926 में मेरठ कॉलेज से एल.एल.बी. की उपाधि प्रथम श्रेणी में प्राप्त की थी।

## देशभक्ति की स्वरलहरियों से गूंज उठा मेरठ कॉलेजः भारत रत्न चौ चरण सिंह जयंती पर भव्य समारोह



23 दिसंबर 2025, जहां डाल–डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा–ऐसा भारत देश है मेरा.... जैसे अमर देशभक्ति गीत की मधुर धुनों के साथ मेरठ कॉलेज आज देशभक्ति के सरोवर में सराबोर हो उठा। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं मेरठ कॉलेज के गौरवशाली पूर्व छात्र चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर आज प्रातः 10 बजे महाविद्यालय की केंद्रीय लाइब्रेरी के ऐतिहासिक हॉल में एक भव्य एवं रंगारंग समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मेरठ कॉलेज प्रबंध कार्यकारिणी के सचिव श्री विवेक गर्ग, प्राचार्य प्रो. युद्धवीर सिंह तथा प्रबंध कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्यों श्री संजीवेश्वर प्रकाश, चौधरी जयवीर सिंह एवं श्री रवि बिश्नोई द्वारा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सभी अतिथियों ने उन्हें नमन करते हुए उनके विचारों और योगदान को स्मरण किया।

छात्रा साक्षी ने "जहां डाल–डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा" गीत गुनगुनाकर सभी को देशप्रेम से ओत–प्रोत कर दिया।

अपने विचार व्यक्त करते हुए चौधरी जयवीर सिंह, श्री रवि बिश्नोई एवं श्री संजीवेश्वर प्रकाश ने चौधरी चरण सिंह को किसानों और आम आदमी का सच्चा नेता बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष और नीतियां आज भी सामाजिक न्याय की दिशा दिखाती हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. एस.के.एस. यादव एवं डॉ. रेखा राणा ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## मेरठ कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ गंगा एवं स्वास्थ्य जागरूकता हेतु 100 किमी रिवर राफ्टिंग अभियान



गंगा नदी की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा युवाओं एवं आमजन में स्वास्थ्य, फिटनेस और सक्रिय जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 100 किलोमीटर रिवर राफ्टिंग अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 25 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक ऊपरी भागीरथी से ऋषिकेश तक संचालित होगा।

यह अभियान मेरठ कॉलेज, मेरठ के ऊर्जा–स्वास्थ्य एवं खेल क्लब तथा सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्थिरता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ग्लोब सम इंडिया के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य "स्वच्छ गंगा अभियान" को जन–आंदोलन का स्वरूप देना तथा आउटडोर गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य, फिटनेस और सतत विकास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

इस रिवर राफ्टिंग अभियान में देश के विभिन्न हिस्सों से आए 16 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जो 25 दिसंबर 2025 को ऋषिकेश में एकत्रित होंगे। इसके पश्चात सभी प्रतिभागी ऊपरी भागीरथी पहुंचकर राफ्टिंग अभियान की शुरुआत करेंगे। यह अभियान 3 दिन और 3 रात का होगा, जिसमें दो स्थानों पर नाइट हॉल्ट किया जाएगा। अभियान का समापन 28 दिसंबर 2025 को ऋषिकेश में होगा।

## मनोविज्ञान विभाग एवं मनोविज्ञान परिषद्, मेरठ कॉलेज, मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में "Artificial Intelligence : Threat or Tool" विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



20 दिसंबर 2025, मनोविज्ञान विभाग एवं मनोविज्ञान परिषद्, मेरठ कॉलेज, मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में "Artificial Intelligence : Threat or Tool" विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. , बी.एससी एवं एम.ए. के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित विषयों जैसे रचनात्मकता, सृजनकर्ता एवं मौलिकता पर तार्किक एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण रखा। वक्ताओं ने ए.आई. के सामाजिक, शैक्षणिक एवं नैतिक प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. मंजू खोखर ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीता मोरल एवं डॉ. आयशा सैफी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. भगत सिंह की उपस्थिति भी रही। निर्णायक मंडल में प्रो. कविता त्यागी, प्रो. एच. एस. राय एवं डॉ. अनिल कुमार राठी शामिल रहे। प्रतियोगिता में निकिता (एम.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, अलिज़ा चौधरी (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा प्रतीक अहलावत (एम.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम अनुशासित एवं सकारात्मक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## चौधरी चरण सिंह अंतर महाविद्यालय बॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 का उद्घाटन नए स्पोर्ट्स एरिना में




इस वर्ष स्थापना दिवस पर घोषित Meerut College Sports Arena अब पूर्णतः तैयार हो गया है। नए स्पोर्ट्स एरीना में अंतर–महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

यह एरीना विद्यार्थियों के समग्र विकास और कॉलेज में खेल–संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आगामी समय में यहाँ और भी खेल गतिविधियाँ व प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएँगे।

